सेवा में

माननीय श्री एदल सिंह कंषाना
कृषि मंत्री
मध्य प्रदेश

बिषय : मध्यप्रदेश में किसानों व्दारा कम लागत पर लगाई जाने वाली जैविक खाद एवं कीटनाशक की किसान लैव पर अनुदान देने हेतु आवेदन।

महोदय जी,

उपरोक्त विषयन्तर्गत आपसे निवेदन है कि नर्मदापुरम जिले के 10 किसानों के व्दारा ट्रेनिंग लेकर अपने स्वयं के खर्चे पर किसान जैविक लैव डाली जा रही हैं जिसमें 07 लैव में कार्य शुरू हो गया है। इन किसान जैविक लैवों में ट्रायकोडर्मा, बेबेरिया बासियाना, बर्टिसीलियम आदि 09 प्रकार के सूक्ष्म जीवों का विस्तारीकरण किया जा सकता है।

2. इन सूक्ष्म जीवों के माध्यम से नर्मदापुरम ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश मे मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने के साथ किसानों को जैविक खेती के लिये आत्मनिर्भर बना सकते हैं जिससे रासायनिक खाद एवं कीटनाशक के उपयोग में कमी ला सकते हैं। इसके लिये हम पतंजली कृषि रिसर्च अनुसंधान इंस्टीट्यूट हरिव्दार के माध्यम से 'योगाहार कार्यक्रम 'जो विगत 03 वर्ष से अधिक समय से रोजाना ऑनलाइन चलता है, उस माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों के सहयोग से हमारी टीम के व्दारा किसानों को प्ररित कर ट्रेनिंग देने का प्रयास किया जा रहा है।

3. विगत बर्ष महाराष्ट्र राज्य के वासिम जिले के किसानों व्दारा किसान जैविक लैव स्थापित कर उसकी प्रस्तुति माननीय प्रधानमंत्री जी के सम्मुख दी गई थी। उसके बाद महाराष्ट्र में करीब 180 किसान जैविक लैव स्थापित हो गई हैं जिस पर महाराष्ट्र राज्य सरकार व्दारा अनुदान घोषित किया गया है।

4. नर्मदापुरम जिले के जिन 10 किसानों ने भी वहीं से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी लोकास्ट किसान जैविक लैव में ट्रायकोडर्मा का उत्पादन कर खेतों में इसका प्रयोग विगत बर्ष से शुरू किया गया है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता के साथ उत्पादन में भी वृध्दि हो रही है। जिससे रसायनिक खाद और कीटनाशक की मात्रा भी कम हो रही है।

5. अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि किसानों की जैविक लैव स्थापित करने के इस प्रकार के प्रोजेक्ट पर महाराष्ट्र सरकार की नीति के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार भी लोकास्ट किसान जैविक लैव पर अनुदान देने की कृपा करें जिससे प्रदेश का प्रत्येक किसान इस ओर प्ररित हो सके।

धन्यवाद

दिनांक : 15.10.24

प्रार्थी

मुन्नीलाल यादव
राज्य प्रभारी
7000268915

सूक्ष्म जीव संवर्धन किसान समिति
जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

9300772531

(एम. एल. गौर)
जिला प्रभारी

प्रतिलिपः--

1. माननीय सांसद महोदय नरसिंहपुर-होशंगाबाद क्षेत्र श्री दर्शन सिंह चौधरी जी
2. माननीय विधायक महोदय – नर्मदापुरम, सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया विधान सभा क्षेत्र।
3. माननीय कलेक्टर महोदया, जिला नर्मदापुरम